जिला विधिक सेवा प्राधिकार, (व्यवहार न्यायालय परिसर गिरिडीह)

फोन नं0 6204534875, 7319853377

झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, राँची के पत्रांक 3529 दिनांक 22/11/2024 के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह में 10 पारा लीगल वोलेनटियर का चयन केवल कार्यरत या सेवा निवृत शिक्षक/कार्यरत या सेवानिवृत चिकित्सक/कार्यरत या सेवानिवृत सेना के जवान/ट्रासजेंडर (Transgender) में से किया जाना है।

महत्वपूर्ण निर्देश–

1. आवेदक की निम्नतम आयु 01/01/2024 तक 18 वर्ष होनी चाहिए।
2. आवेदक की निम्नतम शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक के साथ अच्छे नैतिक चरित्र का होना अनिवार्य है एवं किसी आपराधिक मामले या किसी राजनीतिक संगठन के साथ सबद्ध नही होना चाहिए।
3. आवेदक को हस्त लिखित आवेदन दिये गये प्रारूप में दो पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ (एक आवेदन में चिपकाये जाने के लिए) के साथ आवेदन करना अनिवार्य है और आवेदन को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश–सह–अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह (व्यवहार न्यायालय परिसर) के पते पर कार्यालय अवधि में पूर्वाह्न 10:30 बजे से अपराह्न 04:30 बजे तक दिनांक **07/12/2024** तक हाथो हाथ अथवा निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा करना होगा।
4. अपूर्ण या अधूरे भरे हुए आवेदन पर विचार नही किया जाएगा।
5. पारा लीगल वोलेनटियर का चयन केवल **कार्यरत या सेवा निवृत शिक्षक/कार्यरत या सेवानिवृत/चिकित्सक, कार्यरत या सेवानिवृत सेना के जवान/ट्रासजेंडर (Transgender)** में से किया जाएगा।
6. पी0 एल0 वी0 के रूप में कार्य हेतू करूणा, सहानुभूति और तत्परता के साथ जरूरतमंदो की सहायता करने के लिए एवं समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान की मानसिकता होनी चाहिए।
7. झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, राँची द्वारा निर्धारित मानदेय को छोड़कर कोई अन्य वेतन या पारिश्रमिक पी0 एल0 वी0 को उसके कार्य हेतू नही मिलता है।
8. पी0 एल0 वी0 के लिए चुने गये उम्मीदवारो को आमलोगो और कानूनी सेवा संस्थानो, सरकारी कार्यालयो के बीच सेतु के रूप में कार्य करना होगा और उसे जिले की स्थानीय भाषाओं की जानकारी होनी चाहिए।
9. आवेदको को शैक्षणिक योग्यता, जाति प्रमाणपत्र, जन्म तिथि इत्यादि के समर्थन में प्रमाणपत्रों एवं पहचान पत्र आधार कार्ड/वोटर कार्ड आदि की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति आवेदन के साथ जमा करना होगा।
10. आवेदक को लिफाफे के उपर स्पष्ट रूप से लिखना होगा कि आवेदन पारा लीगल वोलेन्टियर के हेतु समर्पित किया जाता है।
11. आवेदको को साक्षात्कार हेतु प्रवेश–पत्र, इस कार्यालय द्वारा निर्गत नही किए जाएगें। साक्षात्कार की तिथि एवं समय की जानकारी गिरिडीह न्यायमडल की बेबसाइट **https://giridih.dcourts.gov.in/** पर उपलब्ध कराई जाएगी।

पारा लीगल वोलेन्टियर हेतू आवेदन प्रपत्र

1. अभ्यर्थी का नाम–
2. पिता/पति का नाम–
3. माता का नाम–
4. जन्म तिथि दिन/माह/वर्ष
5. लिंग –
6. जाति –
7. जन जाति भाषा ज्ञान –
8. उच्चतम शैक्षणिक योग्यता –
9. वर्तमान या पूर्व सेवा का विवरण –
10. स्थानीय पता और संपर्क –
11. स्थायी पता –
12. मोबाईल नम्बर –

घोषणा :–

मैं ______________ घोषणा करता/करती हूँ कि मैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, व्यवहार न्यायलय परिसर गिरिडीह द्वारा प्रदत्त कार्यों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं सदभावना पूर्वक झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, राँची द्वारा निर्धारित मानदेय पर करूँगा/करूँगी तथा मेरे विरूद्ध किसी न्यायलय में कोई भी आपराधिक मामला लंबित नही है ना ही मैं सक्षम न्यायालय द्वारा कभी दोषसिद्ध हुआ/हुई हूँ।

स्थान :

दिनांक :

अभ्यर्थी का हस्ताक्षर

नोट: साक्षात्कार की संभावित तिथि दिनांक 10.12.2024 से 12.12.2024 है। इसकी सूचना गिरिडीह न्यायमंडल की बेबसाइट https://giridih.dcourts.gov.in/ पर उपलब्ध कराई जाएगी।
अलग से प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जाएगा।

आदेशानुसार,
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह

निवेदक,

ह0
सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह